प्रबंध अध्ययन विभाग
मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
प्रयागराज – 211004 (भारत)

School of Management Studies
Motilal Nehru National Institute of Technology Allahabad
Prayagraj – 211004 (India)

हिन्दी कार्यशाला का संक्षेप विवरण

राजभाषा विभाग भारत सरकार के निर्देशों के अनुरूप अक्टूबर से दिसम्बर तिमाही में एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन प्रबंध अध्ययन विभाग द्वारा "व्यावसायिक एवं तकनीकी कार्यो में हिन्दी भाषा का प्रयोग" विषय पर नवम्बर 29, 2024 को आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में प्रतिभाग करने के लिए संस्थान के विभिन्न विभागों से संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों का नामांकन प्राप्त हुआ है। कार्यशाला में 70 से भी अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधन विभाग के संचालन प्रबंध अध्ययन विभाग के सहायक आचार्य एवं हिन्दी कार्यशाला संयोजक डा० सोमेन डे द्वारा किया गया जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष एवं आचार्य तनुज नंदन द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्थान के निदेशक प्रो० रमा शंकर वर्मा ने प्रतिभागियों को हिन्दी भाषा का महत्व एवं प्रशासनिक कार्यों में अधिकतम उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। प्रो० तनुज नंदन, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, प्रबंध अध्ययन विभाग द्वारा हिन्दी भाषा के कुछ उपयोगी टूल्स (**Duolingo, Evernote, Gboard-The Google Keyboard, Google Hindi Input Tool, Sankosha-Sanskrit Dictionary, Hindi Speech Recognition and Synthesis, Swiftkey keyboard, Text to Speech (TTS), Uptodown-Hinkhoj Dictionary, Writerly, WSA-pacman**) की जानकरी दी। कार्यक्रम में आमंत्रित श्री संत्यजीत कुमार, सहा० निदेशक (कार्यवाहक), हिन्दी राज–भाषा प्रकोष्ठ द्वारा संस्थान में प्रकोष्ठ द्वारा चल रहे कार्यो का वर्णन किया। काय्रक्रम में आमंत्रित विषय विशेषज्ञ प्रो० जे० एन० मिश्रा (प्रोफेसर एवं भूतपूर्व निदेशक, मोनिरबा, इलाहाबाद विश्वविद्यालय) द्वारा प्रतिभागियों को हिन्दी भाषा के सरल एवं सुगम उपयोग करने का प्रशिक्षण दिया साथ ही साथ भारत सरकार द्वारा हिन्दी के प्रचार–प्रसार के लिए चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों का वर्णन किया। कार्यक्रम में सम्मिलित सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति–प्रत्र प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का समापन संयोजक डा० सोमेन डे, सहायक आचार्य के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन तत्पश्चात राष्ट्रगान के साथ हुआ।

Somen De 16/12/2024
डा० सोमेन डे
संयोजक
प्रबंध अध्ययन विभाग

16/12/24
प्रो० तनुज नंदन
विभागाध्यक्ष
प्रबंध अध्ययन विभाग